# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## निविदा आमंत्रण सूचना

### विज्ञप्ति संख्या - 60/2019

इंटरमीडिएट (द्वितीय वर्ष एवं वार्षिक एवं सम्पूरक), इंटर व्यावसायिक, मध्यमा, प्रा. शिक्षक प्रशिक्षण एवं मदरसा परीक्षा 2020 के लिए उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण हेतु Two Bid System के अन्तर्गत प्रतिष्ठित/निबंधित/अनुभवी मुद्रकों से, जिन्हें लोक परीक्षाओं में उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण का अनुभव हो, मुहरबन्द निविदा दिये गये Specification के अनुसार आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र Specification एवं Terms & Conditions के साथ झारखण्ड अधिविद्य परिषद् कार्यालय से दिनांक 25.09.2019 से 24.10.2019 तक 11.00 बजे सुबह से कार्यालय अवधि तक रू.10,000(दस हजार रू.) का **बैंक ड्राफ्ट "JAC FUND"** के नाम से जमा कर किसी भी कार्य दिवस में सचिव के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा पत्र की शुल्क राशि वापस नहीं की जायेगी। उत्तरपुस्तिका के कागज का नमूना परिषद् कार्यालय में अवश्य देखेंगे जिसे परिषद् के कार्य अवधि में देखा जा सकता है। वरना कार्यालय की कोई जिम्मेवारी नहीं रहेगी।

निविदा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफे में सील कर एक बड़े लिफाफे में रख कर सीलकर दिया जाएगा। उक्त लिफाफे पर **"2020 परीक्षा की उत्तरपुस्तिका के मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु निविदा"** लिखा होगा। निविदा दिनांक 25.10.2019 को 11:30 बजे पूर्वाह्न तक कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 25.10.2019 को ही 12:00 बजे दोपहर में खोला जाएगा। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। प्रतिनिधि के रूप में शामिल होने हेतु प्राधिकार पत्र लाना होगा।

निविदा की दर वित्तीय बीड में एवं आवश्यक शर्त्तों की पूर्ति, प्रपत्रादि तकनीकी बीड में अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में भरे जायेगें। उन लिफाफों पर अलग–अलग **"वित्तिय निविदा" (Financial Bid)** तथा **"तकनिकी निविदा" (Technical Bid)** लिखा रहे। पहले निविदा शर्त्तों की पूर्त्ति हेतु सभी निविदादाताओं के तकनीकी बीड के लिफाफे खोले जायेंगे। तकनीकी बीड समीक्षा के उपरान्त जो निविदादाता वांछित शर्त्तों की पूर्ति करेंगे, उन्हीं का वित्तीय बीड का लिफाफ खोला जायेगा।

कार्यों का ब्योरा एवं शर्त्तें तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड निविदा पत्र के साथ संलग्न है। बिना कारण बताए निविदा रद्द करने या एक से अधिक निविदादाताओं के बीच कार्य वितरण करने का अधिकार पूर्णरूपेण परिषद् को सुरक्षित रहेगा।

**नोट**:– निविदा पत्र को परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

ऐसी परिस्थिति में निविदा पत्र का मूल्य रू.10,000/–(दस हजार रू.) का "JAC FUND" के नाम बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र के तकनीकी बीड के साथ जमा करना होगा अन्यथा उनके द्वारा प्रस्तुत निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

JAC/भंडार/4787/SECY/431/19
Dt. 24.09.2019
D.O.P : 25.09.2019

**अध्यक्ष के आदेश से,**
**ह./- सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**